प्रेस नोट

थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी

दिनांक – 13.05.2026

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा 04 वांछित NBW वारंटी गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर माननीय न्यायालय से वांछित चल रहे 04 NBW वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

उच्चाधिकारीगण के निर्देशानुसार दिनांक 12/13.05.2026 की रात्रि में थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा कुल 04 टीमों का गठन कर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-01. झाँसी के केस संख्या-112/19, मु0अ0सं0-435/16 धारा 323/504/506/325 भा.द.वि. थाना प्रेमनगर से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. रविन्द्र पुत्र सुग्रीव उम्र करीब 29 वर्ष, 2. राजकुमार अहिरवार पुत्र बालकदास उम्र करीब 42 वर्ष एवं 3. मोहर सिंह पुत्र बालकदास उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम बल्लमपुर थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-01 झाँसी के केस संख्या-3007/25, मु0सं0-66/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना प्रेमनगर से संबंधित

अभियुक्त **मनीष वर्मा पुत्र श्याम बिहारी निवासी रामलखन स्कूल के पास हंसारी टपरियन थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी उम्र करीब 25** वर्ष को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

दौराने गिरफ्तारी मानवाधिकार आयोग एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। गिरफ्तार समस्त वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जिला कारागार झाँसी भेजा गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –</u>

1. मनीष वर्मा पुत्र श्याम बिहारी निवासी रामलखन स्कूल के पास हंसारी टपरियन थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।
2. रविन्द्र पुत्र सुग्रीव निवासी ग्राम बल्लमपुर थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।
3. राजकुमार अहिरवार पुत्र बालकदास निवासी ग्राम बल्लमपुर थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।
4. मोहर सिंह पुत्र बालकदास निवासी ग्राम बल्लमपुर थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>

1. उ0नि0 संत प्रकाश त्रिपाठी, चौकी प्रभारी नैनागढ़ थाना प्रेमनगर।
2. उ0नि0 आशीष धामा, चौकी प्रभारी हंसारी थाना प्रेमनगर।
3. उ0नि0 पवन जायसवाल, चौकी प्रभारी बिजौली थाना प्रेमनगर।
4. का0 कुलदीप सिंह थाना प्रेमनगर।
5. का0 देवेन्द्र कुमार थाना प्रेमनगर।